an>

title: Regarding underground cabling of BSNL lines.

श्री बलभद्र माझी **(नबरंगपुर):** उपाध्यक्ष महोदय, यह एक बहुत गंभीर समस्या है। मेरा क्षेत्र नबरंगपुर, ओडीशा में है, जिसमें मेरे दो ब्लॉक हैं - एक है चंदाहाडी दूसरा ब्लॉक है झरीगांव। इन दोनों ब्लॉकों के बीच में करीब 20 किलोमीटर जंगल होता है। जंगल में बी.एस.एन.एल. की केबल को पेड़ ऊपर से लिया गया है। जिसकी वजह से जब भी पेड़ टूटता है या हवा चलती है तो केबल टूट जाती है और सर्विस डिसरप्ट हो जाती है। सरकार से मेरा निवेदन है कि इस केबल को अंडरग्राउंड किया जाए ताकि बार-बार यह जो समस्या हो रही है, वह न हो।